समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# ‘दम तोड़ रही हॉलीवुड मूवीज’, अब राष्ट्रपति ट्रंप ने सिनेमा पर 100 फीसदी टैरिफ का किया एलान।

Publisher

Published on 05 May 2025

## राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी से बाहर बनने वाली फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ का एलान करते हुए कहा कि उन्होंने ये कदम दम तोड़ रही अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री को बचाने के लिए किया है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से दूसरी बार सत्ता संभाली है, अपने हर एक फैसले से सभी को हैरान करते जा रहे हैं. पिछले महीने यानी 2 अप्रैल को दूसरे देशों से आयातित सामानों पर भारी भरकम टैरिफ के एलान के बाद अब उन्होंने फिल्म जगत को टारगेट किया है. अमेरिका से बाहर बनने वाली फिल्मों के ऊपर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है. राष्ट्रपति ट्रंप के इस फैसले से लोगों में भारी गुस्सा देखा जा रहा है.

ट्रंप ने अमेरिका से बाहर बनने वाली फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ का एलान करते हुए कहा कि उन्होंने यह कदम दम तोड़ रही अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री को बचाने के लिए उठाया है.

उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में कहा- दूसरे देशों के फिल्म निर्माताओं को अमेरिका में शूटिंग करने के लिए तरह-तरह के ऑफर दिए जा रहे हैं जबकि हॉलीवुड बर्बादी की कगार पर है. उन्होंने इसकी वजह दूसरे देशों की एक सोची समझी साजिश करार दिया और कहा कि ये राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा भी है.

दूसरे देशों की फिल्मों पर 100% टैरिफ

ट्रंप ने आगे कहा कि वे वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि को ये अधिकार देते हैं कि वे दूसरे देशों से जो भी फिल्में अमेरिका में आकर बनाई जा रही हैं, उस पर फौरन 100 फीसदी टैरिफ लगाएं. उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि फिर से अमेरिका में ही फिल्में बने. इसके बाद यूएस कॉमर्स सेक्रेटरी Howard Lutnick ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि वे इस पर काम कर रहे हैं.

हालांकि, भी अत तक ये साफ नहीं हो पाया है कि टैरिफ किस पर लगाया जाएगा, क्या ये फिल्म बनाने वाली कंपनी पर लगेगा या फिर एक्टर या जो फिल्म प्रोड्यूसर हैं उसके ऊपर. ट्रंप ने कदम ऐसे वक्त पर उठाया है जब दुनिया को दो आर्थिक महाशक्ति के बीच छिड़े ट्रेड वॉर के इतर करीब एक महीने पहले चीन ने कहा था कि वे अमेरिका से आने वाली फिल्मों को कम करेंगे.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.